मेरी जिन्दगी में गमो का जहर है शिव भजन लिरिक्स

मेरी जिन्दगी में,
गमो का जहर है,
ओ विष पिने वाले,
छुपा तू किधर है।bd।

तर्ज – तुम्ही मेरे मंदिर।

ना तुमसा दयालु,
कोई और भोले,
जो ठुकरा के अमृत को,
पिए विष के प्याले,
लिया तीनो लोको का,
भार अपने सर है,
ओ विष पिने वाले,
छुपा तू किधर है।bd।

गरीबों का साथी,
ना बनता है कोई,
फ़साने भी उनके ना,
सुनता है कोई,
यहाँ फेर ली अपनों,
ने भी नजर है,
ओ विष पिने वाले,
छुपा तू किधर है।bd।

बडी आस लेकर के,
तुमको पुकारा,
कर दो दया मुझपे,
हूँ गम का मारा,
कहे 'सोनू' होता ना,
मुझसे सबर है,
ओ विष पिने वाले,
छुपा तू किधर है।bd।

मेरी जिन्दगी में,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

गमो का जहर है,
ओ विष पिने वाले,
छुपा तू किधर है।bd।

स्वर – सौरभ मधुकर।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com